# अपनी बात

अंक : 472, वर्ष 37 — सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका — राँची, 30 नवम्बर, 2013


# कोल इण्डिया/सीसीएल का 39वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया

सीसीएल मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में कोल इण्डिया/सीसीएल का 39वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि एवं सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग, विशिष्ट अतिथि निदेशक (कार्मिक), श्री आर आर मिश्र, निदेशक (वित्त), श्री डी के घोष, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज एवं मुख्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, प्रबंधन प्रशिक्षु तथा श्रम संघ के प्रतिनिधियों द्वारा 1 नवम्बर के प्रातः दरभंगा हाउस प्रांगण में अवस्थित "शहीद स्मारक" पर देश की सेवा में अपनी जान–न्यौछावर करने वाले कोयला कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ प्रारम्भ हुआ।

मुख्य अतिथि निदेशकद्वय तथा सी वी ओ ने कोल इण्डिया, सीसीएल तथा सभी 12 क्षेत्रों का ध्वज फहराया, प्रगति के प्रतीक के रूप में आकाश में तिरंगी गुब्बारे उड़ाये तथा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंच पर प्रतीक स्वरूप पहचान पत्र एवं सामूहिक पदोन्नति आदेश भी कर्मियों के बीच वितरित किए गए। कोल इंण्डिया कॉरपोरेट गीत का गायन हुआ और सैनिक बैण्ड के जवानों ने आकर्षक बैंड का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया।

अपने वक्तव्य में श्री नाग ने सीसीएल के गरिमामय इतिहास की चर्चा की तथा कहा कि सीसीएल अनेक उतार–चढ़ाव के दौर से गुजरते हुए आज एक मिनीरत्न कंपनी के रूप में खड़ा है, जहां हम अपने को कोल इंडिया एवं सीसीएल कर्मचारी कहलाने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आहवान किया कि हमें अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन कर दिखाना है कि हम किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। सिर्फ आवश्यकता है कि हम एकजुट होकर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने विश्वास जताया कि सीसीएल की सशक्त, निपुण एवं प्रतिबद्ध श्रम शक्ति की बदौलत कम्पनी अपने विकास दर को बनाये रखेगी एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के अपने कोयला उत्पादन लक्ष्य 53.5 मिलियन टन को हासिल करेगी। उन्होंने कोयला खदानों में कार्यरत कर्मियों के संबंध में कहा कि क्षेत्र में काम करनेवाले कर्मी काफी दुरूह स्थिति में काम करते हैं, अतः उन्हें हर संभव मदद करना हमारा फर्ज है ताकि उनका मनोबल ऊंचा बना रहे। श्री नाग ने कहा कि अच्छे सी.एस.आर. कार्य के कारण हमारी कम्पनी की छवि सुधरी है तथा हमें नई परियोजनाओं को खोलने में काफी सहयोग मिल रहा है।

अपने संबोधन में श्री आर आर मिश्र ने कहा कि कम्पनी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारे 48000 कर्मी सीसीएल के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। श्री मिश्र ने जानकारी दी कि स्थापना दिवस के अवसर पर आज कम्पनी एक साथ 3667 कर्मियों को प्रोन्नति दे रही है तथा इस वर्ष 1427 स्टेट्यूटरी पदों पर नियुक्ति करने जा रही है।

श्री डी के घोष ने सीसीएल स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 'प्रोमोटिंग गुड गवरनेन्स– पोजिटिव कन्ट्रीब्यूशन आफ विजिलेंस' थीम को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य की प्राप्ति करें।



स्थापना दिवस की खुशियों का इजहार करते हुए निदेशकगण, सीभीओ, अधिकारी एवं कर्मचारीगण

## चित्रकारी प्रतियोगिता

गांधीनगर क्लब में ग्रुप 'ए' के बच्चों के लिए 'मेरे सपने' एवं ग्रुप बी के बच्चों के लिए 'हैपीनेस' विषय पर एक चित्रकारी प्रतियोगिता हुई जिसमें नगर के 20 स्कूलों से करीब 250 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन श्रीमती विस्मिता तेज ने किया।

चित्रकारी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री डी के घोष, निदेशक (वित्त) ने विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया। ग्रुप 'ए' में मास्टर अर्पित कुमार, प्रथम, मास्टर अंकित कुमार द्वितीय एवं भूमिका तृतीय स्थान पर रहे जबकि ग्रुप 'बी' में नुपूर नेहा प्रथम, श्रेया बनर्जी द्वितीय एवं सौम्या सान्याल तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा दोनों ग्रुपों के चार–चार बच्चों को सांत्वना पुरस्कार तथा श्रेष्ठ शीर्षक के लिए एक–एक पुरस्कार प्रदान किया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



निदे. (का.) रक्तदान शिविर का जायजा लेते हुए

स्थापना दिवस के अवसर पर गांधीनगर अस्पताल स्थित रक्त कोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने किया। शिविर में 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन

केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर के चिकित्सक डा. मिश्रा एवं डा. कादम्बिनी ने पारा मेडिकल कर्मियों के साथ लुपुंग टोली गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 75 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयां दी। इसी प्रकार डा. हेमन्त केरकेट्टा, डा. अनिता एवं डा. आर के सिंह ने पारा मेडिकल कर्मियों के सहयोग से सेमर टोली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 70 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां दी। शिविर में आई महिलाओं के बीच निःशुल्क आइरन एवं कैलशियम की गोलियां वितरित की गई।

डॉ. मंजूश्री सिंह के संयोजन में स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीमती नीना नाग, धर्मपत्नी श्री टी के नाग, निदेशक (तक/संचालन), श्रीमती अनिता मिश्रा, धर्मपत्नी श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) ने सीसीएल केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में भर्ती मरीजों के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया तथा मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## फुटबॉल मैच का आयोजन

गांधीनगर कॉलोनी मैदान में सीसीएल एवं मेकन के बीच एक प्रदर्शनी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें मेकन की टीम ने सीसीएल की टीम को 3–0 से हराकर मैच जीत लिया। इस अवसर पर झारखंड राज्य की महिला खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का नुक्कड़ नाटक के साथ शुभारंभ

श्रीमती विस्मिता तेज, मुख्य सतर्कता अधिकारी के मार्ग निर्देशन में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2013 तक सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची, एम आर एस, रामगढ़ तथा सीसीएल के सभी क्षेत्रों एवं परियोजनाओं में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का शुभारंभ, कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता, एवं भय अथवा पक्षपात के बिना भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए निर्बाध रूप से कार्य करने की प्रतिज्ञा के साथ हुई। इस अवसर पर पिपरवार क्षेत्र के कर्मियों द्वारा मुख्यालय में सतर्कता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से "अब और नहीं" शीर्षक पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

मुख्यालय में श्री गोपाल सिंह, सीएमडी ने सभी कर्मियों को सतर्कता जागरूकता पर शपथ दिलाई। अवसर विशेष पर श्री सिंह ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह हम प्रत्येक वर्ष मनाते हैं। इसके हर पहलू को हमें अपने जिंदगी में उतारना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मियों, स्टेकहोल्डरों से आह्वान किया कि वे अपने कार्य का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करें और लिए गये शपथ को साकार करें।

मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती तेज ने इस अवसर पर मुख्यालय तथा सीसीएल के क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य थीम है "प्रोमोटिंग गुड गवरनेन्स–पोजिटिव कन्ट्रीब्यूशन ऑफ विजिलेंस"। कर्मियों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेक प्रकार के कार्यक्रम जगह–जगह पर किए गए। जैसे बैनर पोस्टर लगाना, कार्यशालाओं/लेक्चरों आदि का आयोजन करना आदि। सीसीएल द्वारा सम्पोषित विद्यालयों में "भ्रष्टाचार विकास एवं स्वस्थ प्रशासन का दुश्मन है" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार निरोध एवं सतर्कता से संबंधित विभिन्न विषयों पर परियोजनाओं/क्षेत्रों में सेमिनार/कार्यशालाओं का आयोजन कर लोगों को सतर्कता के प्रति जागरूक किया गया। 30 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में "प्रोमोटिंग गुड गवरनेन्स–पोजिटिव कन्ट्रीब्यूशन ऑफ विजिलेंस" एवं "ई–प्रोक्यूरमेंट/टेन्डरिंग" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जबकि 31 अक्टूबर को कोल इंडिया के सी.डी.ए. रूल्स पर एक इन्टरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पिपरवार एवं एन. के. क्षेत्र के अधिकारियों के लिए 29 अक्टूबर को निविदा (टेंडर) प्रक्रिया में सामान्य त्रुटियां विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया और 02 नवम्बर को इसी विषय पर रजरप्पा में रजरप्पा एवं बरका–सयाल के अधिकारियों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए भी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।



सतर्कता जागरूकता शपथ ग्रहण समारोह में सीएमडी, निदेशकगण एवं सीभीओ

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग ने भारत के राष्ट्रपति महोदय श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया, जबकि निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह द्वारा जारी संदेश को कर्मियों के बीच पढ़कर सुनाया। श्री डी के घोष, निदेशक (वित्त) ने उप राष्ट्रपति महोदय श्री एम हामीद अन्सारी द्वारा जारी संदेश एवं श्रीमती विस्मिता तेज, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी संदेश को कर्मियों के बीच पढ़कर सुनाया। सभी गणमान्यों ने अपने संदेश के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का आहवान किया। उक्त अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)